an>

Title: Need to set up Central schools in Balond and Kondagaon districts in Kanker Parliamentary Constituency of Chhattisgarh.

श्री विक्रम उसेंडी (कांकेर): माननीय सभापति जी, छत्तीसगढ़ राज्य में मेरे लोक सभा क्षेत्र कांकेर में बालोंद और कोंडागांव दो जिले आते हैं और ये दोनों ही जिले आदिवासी और पिछड़ा वर्ग बाहुल्य हैं। लेकिन इनमें केन्द्रीय विद्यालय नहीं होने की वजह से वहां के बच्चे अध्ययन नहीं कर पा रहे हैं और उन्हें काफी दूर शिक्षा ग्रहण करने के लिए जाना पड़ता है। इसलिए वहां केन्द्रीय विद्यालयों का खुलना बहुत जरूरी है। अतः मैं आपके माध्यम से मानव संसाधन विकास मंत्री जी से निवेदन करना चाहता हूं कि इन दोनों जिलों में एक-एक केन्द्रीय विद्यालय जल्द स्थापित किया जाए, जिससे वहां रहने वाले लोगों को ज्यादा से ज्यादा लाभ मिल सके।

HON. CHAIRPERSON: Shri Kunwar Pushpendra Singh Chandel is permitted to associate with the issue raised by Shri Vikram Usendi.